(8)

प्रेषक:

अर्थ नियन्त्रक एवं सचिव,
प्रबन्ध मण्डल,
चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,
कानपुर-208002

सेवा में,

1- कुलपति, — अध्यक्ष
चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक
विश्वविद्यालय, कानपुर-2

2- पद्मश्री रानी लीला राम कुमार भार्गव, — सदस्य
भूतपूर्व सदस्य विधान परिषद,
नैवल किशोर स्टेट, हजरतगंज,
लखनऊ ।

3- प्रमुख सचिव (वित्त), — सदस्य
उत्तर प्रदेश शासन,
सचिवालय, लखनऊ ।

4- सचिव (उच्च शिक्षा), — सदस्य
उत्तर प्रदेश शासन,
सचिवालय, लखनऊ ।

5- कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश — सदस्य
कृषि भवन, लखनऊ

6- सचिव (कृषि), — सदस्य
उत्तर प्रदेश शासन,
सचिवालय, लखनऊ ।

7- निदेशक पशुपालन — सदस्य
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

8- डा0एस0सी0जैन, — सदस्य
सहायक महानिदेशक (ए0पी0डी0),
आई0सी0ए0आर0, कृषि भवन,
नई दिल्ली ।

9- डा0 किरन सिंह, — सदस्य
सहायक महानिदेशक (ए0ए0),
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद,
नई दिल्ली ।

10- चौ0 विक्रम सिंह, — सदस्य
भूतपूर्व विधायक, सैदपुर,
बुलन्दशहर ।

11- श्री अतर सिंह, — सदस्य
ग्राम-नजराहाट, पोस्ट-हरदोई
जिला- इटावा ।

12- श्री संजय डालमिया, — सदस्य
9-तीस जनवरी मार्ग, नई दिल्ली ।

संख्या: सी एसयूपी/सी- 165-76 /बोर्ड-91 दिनांक: जून 26, 1993

महोदय,

इस विश्वविद्यालय के प्रबन्ध मण्डल की गत 25-6-93 को सम्पन्न हुई बैठक की कार्यवाही आपको सूचनार्थ प्रेषित की जा रही है ।

भवदीय,

26/6/93

(सुन्दर लाल)
अर्थ नियन्त्रक एवं सचिव
प्रबन्ध मण्डल

चन्द्रशेखर आजाद कृषि एंव प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के प्रबन्ध मण्डल की 91वीं बैठक की कार्यवाही ।

| | |
|---|---|
| स्थान | : कुलपति कक्ष, कानपुर । |
| तिथि | : 25-6-93 |
| समय | : 11 बजे ( पूर्वान्ह ) |

उपस्थिति :

| | |
|---|---|
| 1- डा० उदय बीर सिंह कुलपति | अध्यक्ष |
| 2- श्री राजीव चन्द्र, संयुक्त सचिव, कृषि | - कृषि सचिव के प्रतिनिध |
| 3- श्री राम मिलन आर्य अनुसचिव वित्त | प्रमुख सचिव वित्त के प्रतिनिध |
| 4- डा०बी०डब्ल० अम्बेकर, कृषि निदेशक | -सदस्य |
| 5- डा० एस०सी०जैन, सहायक महानिदेशक(एपीडी) | -सदस्य |
| 6- डा० किरन सिंह, सहायक महानिदेशक(ए०एस०) | -सदस्य |
| 7- चौधरी विक्रम सिंह | -सदस्य |
| 8- श्री अतर सिंह | -सदस्य |
| 9- श्री सुन्दर लाल, अर्थ नियन्त्रक | - सचिव |

~~89~~:1 91:1 प्रबन्ध मण्डल की दिनांक 1-2-93 को सम्पन्न हुई 89वीं बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन ।

प्रबन्ध मण्डल ने दिनांक 1-2-93 को सम्पन्न हुई बैठक की कार्यवाही इस निर्देश के साथ अनुमोदित की कि, अगली बैठक दिनांक 16-8-93 तक भरारी, झाँसी में की जाय ।

91:2 वर्ष 1993-94 के आय व्ययक के परीक्षण हेतु समिति का गठन एंव वर्ष के प्रथम तीन महीने ( अप्रैल 1993 से जून 1993 ) के लिए लेखानुदान की स्वीकृत के प्रस्ताव का औपचारिक अनुमोदन

प्रबन्ध मण्डल ने औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया ।

91:3 चन्द्रशेखर आजाद कृषि एंव प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के वर्ष 1992-93 का वास्तविक व्यय तथा वर्ष 1993-94 के अनुमानित आय-व्ययक के अनुमोदन का प्रस्ताव ।

प्रबन्ध मण्डल ने बजट जाँच समिति एंव वित्त उप समिति द्वारा पारित आय-व्ययक पर विस्तृत चर्चा की तथा महसूस किया कि आयोजनेत्तर एंव आयोजनागत योजनाओं के लिए आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि को विश्वविद्यालय की न्यूनतम आवश्यकताओं को देखते हुए बढ़ाये जाने की आवश्यकता है ।

प्रबन्ध मण्डल ने आय-व्ययक पर अनुमोदन निम्न निर्देश के साथ प्रदान किया -

निदेशक शोध, अधिष्ठाता तथा निदेशक प्रसार प्रत्येक योजना

( आयोजनेत्तर तथा आयोजनागत ) की अगले वर्ष के लिए आवश्यक धनराशि का ब्यौरा , पूर्ण औचित्य एंव योजना की उपलब्धि के साथ अर्थ नियन्त्रक को भेजेगें , अर्थ नियन्त्रक शासन को माँग भेजकर न्यूनतम आवश्यकता के अनुरुप धनराशि प्राप्त करने का प्रयास करेगें ।

91:4 अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रस्ताव :

1- विश्वविद्यालय की सेवा में संविलीन हुए श्रेणी-1 के अधिकारियों, जिन्हें शासन द्वारा वेतनमान रु0 1500-2500 एंव इसका पुनरीक्षित वेतनमान उपलब्ध कराया गया है, को वैयक्तिकरूप से प्रोफेसर पदनाम दिये जाने का प्रस्ताव ।

प्रबन्ध मण्डल ने निर्देश दिया कि प्रकरण शासन को संदर्भित कर दिया जाय ।

2-डा0 जगवीर सिंह सिन्धु द्वारा दिनांक 19-11-81 से 9-12-82 तक कनाडा में रहने की अवधि में अवकाश स्वीकृति पर विश्वविद्यालय अधिवक्ता की राय पर विचार ।

प्रबन्ध मण्डल ने निर्णय लिया कि डा0 सिन्धू को अवकाश सुविधा नहीं दी जायेगी ।

3- डा0 महेश पाल, सह-निदेशक, एन0ए0आर0पी0, माधुरी कुंड ,मथुरा को उनके अपने अनुरोध पर प्रत्यावर्तित किये जाने का प्रस्ताव ।

प्रबन्ध मण्डल ने अनुमोदन प्रदान किया ।

4- गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं को जिन्होनें प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय स्थान प्राप्त करते हुए बी0एस0सी0(गृह विज्ञान) की उपाधि प्राप्त की है, को मेडल प्रदान करने पर विचार ।

प्रबन्ध मण्डल ने अनुमोदन प्रदान किया ।

5- डा0 छविनाथ चौबे की वाह्य सेवा अवधि में दिनांक 17-9-82 से 24-3-85 तक की अवधि के मध्य पड़ने वाली वार्षिक वेतन वृद्धियों के लाभ को दिये जाने का प्रस्ताव ।

प्रबन्ध मण्डल ने निर्णय लिया कि डा0 चौबे को वाह्य सेवा अवधि के मध्य पड़ने वाली वेतनवृद्धियों का लाभ देय नहीं होगा ।

6- डा0 वाई0एन0 उपाध्याय, सहायक आचार्य के पत्र दिनांक 22-2-93 द्वारा कार्य करने की असमर्थता पर अन्तिम निर्णय किये जाने पर विचार

प्रबन्ध मण्डल ने त्यागपत्र स्वीकार करते हुए जाने की अनुमति प्रदान की ।

7- डा0आर0पी0सिंह, सीनियर फार्म मैनेजर को दी गयी चरित्र पंजिका में प्रतिकूल प्रविष्टि तथा एक वर्ष की वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने के आदेश को निरस्त करते हुए नियमित करने का आदेश ।

प्रबन्ध मण्डल ने निर्देश दिया कि डा0सिंह के प्रत्यावेदन, यदि कोई है, पर विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी आख्या एंव संस्तुति दे । साथ ही वेतन वृद्धि रोकने के सम्बन्ध में पारित आदेश भी प्रस्तुत किया जाय ।

8- डा0के0एन0तिवारी, चीफ साइंसटिस्ट को उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ में उप महानिदेशक ।मृदा विज्ञान। के पद पर 16-2-91 से दो वर्ष के पश्चात् प्रतिनियुक्ति अवधि बढ़ाये जाने तथा परियोजना समन्वयक, अखिल भारतीय लवणीय मृदाओं एवं जल अनुसंधान समन्वित परियोजना के पत्र दिनांक 3-4-93 पर विचार किये जाने का प्रस्ताव ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने निर्देश दिया कि इस प्रकरण पर अधिवक्ता की राय प्राप्त कर ली जाय ।

9- डा0जे0एन0द्विवेदी, अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय, मथुरा द्वारा महामहिम कुलाधिपति महोदय एवं कुलपति महोदय के आदेशों की अवहेलना पर उनके निलम्बन का प्रस्ताव ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने आरोपों को गम्भीर माना तथा डा0 एस0सी0जैन, सहायक निदेशक आई0सी0ए0आर0 को जाँच अधिकारी नियुक्त किया । साथ ही निर्देश दिया कि डा0 द्विवेदी के विरुद्ध आरोप पत्र तैयार कर प्रबन्ध मण्डल के अनुमोदन के लिए अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाय । प्रबन्ध मण्डल ने यह भी निर्णय लिया कि अगली बैठक 8-7-93 को कानपुर में ही होगी ।

10- डा0पी0सी0यादव, सेवा निवृत्त सह- आचार्य, प्रसार विभाग के दिनांक 4-10-91 से 30-4-92 तक विश्वविद्यालय आवास सं0- एल0क्यू-8 का किराया मानक दर ।स्टैन्डर्ड रैन्ट। से लिए जाने के प्रस्ताव पर विचार ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने अनुमोदन प्रदान किया ।

11- डा0 पी0सी0यादव , सेवा निवृत्त सह-आचार्य, को रु0 3000/- प्रतिमाह की दर से दो माह का बकाया मानदेय भुगतान किये जाने का प्रस्ताव ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने अनुमोदन प्रदान किया ।

12- डा0।मिस। पूनम अग्रवाल, सह-प्राध्यापक, खाद्य एवं पोषण, गृह विज्ञान विभाग के अवधि ।प्रोवेशन पीरियड। दो वर्ष के स्थान पर एक वर्ष करने का प्रस्ताव ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने विचारोपरान्त निर्णय लिया कि प्रोवेशन पीरियड दो वर्ष का ही रखा जाय ।

13- चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के गृह विज्ञान विभाग में खाद्य एवं पोषण विषय में एम0एस0सी0 कक्षायें प्रारम्भ करने हेतु प्रस्ताव ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने अनुमोदन प्रदान किया ।

14- भारत सरकार के साइंस एवं टेक्नालॉजी मंत्रालय के बायोटेक्नालाजी विभाग के फाइल संख्या-बी0 टी0/आर एण्ड डी/2-01-92 दिनांक 12-3-93 एवं फाइल संख्या: बी0टी0 /आर एण्ड डी/2/2/92 दिनांक 18-3-92 द्वारा क्रमश:

"Biological Nitrogen Fixation through Rhizobium in the area responsibility of C.S.Azad Univ. of of Agri. & Tech., Kanpur and Use of Blue Green Algae as Biofertilizer for rice production"

नामक तदर्थ योजनाओं की स्वीकृति ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने अनुमोदन इस शर्त के साथ प्रदान किया कि योजनाओं में

नियुक्तियाँ नियत वेतन में अनुबन्ध के आधार पर निश्चित योजनावधि के लिए ही की जाँय ।

15- To consider and approve the participation of Dr.(Mrs)Neerja Agrwal, Assistant Professor, Department of Entomology in the XII International Symposium to be held at Osaka from August 1-11, 1993.

प्रबन्ध मण्डल ने अनुमोदन प्रदान करते हुए निर्देश दिया कि डा0॥श्रीमती॥ अग्रवाल को कान्फ्रेंस अवधि के अतिरिक्त दो दिन ही अनुमन्य होंगे साथ ही दैनिक भत्ता एम0ई0ए0 की दरों पर ही देय होगा ।

16- फील्ड असिस्टेंट/फील्ड मैन के पद पर कार्यरत कर्मचारियों को यू0जी0सी0 वेतनमान रु0 500-900 /- पुनरीक्षित रुपये 1740-3000/- दिये जाने पर विचार ।

प्रबन्ध मण्डल ने निर्देश दिया कि प्रकरण शासन को संदर्भित कर दिया जाय ।

बैठक के अन्त में माननीय सदस्य चौधरी विक्रम सिंह ने नियुक्तियों के सम्बन्ध में शासन द्वारा लगाई रोक पर माननीय उच्च न्यायालय का स्थगन आदेश प्रस्तुत कर माँग की कि नियुक्तियों के लिफाफे खोले जायें । इस पर प्रबन्ध मण्डल ने विचारोपरान्त निर्णय लिया कि शासन से इस सम्बन्ध में निर्देश प्राप्त कर दिनांक 8-7-93 को होने वाली अगली बैठक में प्रस्तुत किया जाय ।

अनुमोदित

अर्थ नियन्त्रक एंव सचिव
प्रबन्ध मण्डल

कुलपति एंव अध्यक्ष
प्रबन्ध मण्डल